पत्रिका

एमपी में गुजराती भाई बेच रहे थे नकली घी, पुलिस की कार्रवाई में पकड़ाए

MP News: मध्य प्रदेश की मंदसौर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अहमदाबाद के दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास के करीब डेढ़ सौ लीटर नकली घी जब्त की गई। वह नकली घी बनाकर ग्रामीण इलाकों में 200 रूपये किलो के भाव से बेचते थे।

दरअसल, नई आबादी थाना पुलिस ने खाद्य विभाग और रेवेन्यू विभाग के साथ मिलकर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक साथ छापेमार कार्रवाई की। जिसमें किराए के मकान में नकली घी बनाने का काम किया जा रहा था।

डालडा और सोयाबीन के तेल में मिलाया केमिकल

आरोपियों के द्वारा डालडा और सोयाबीन के तेल में केमिकल और आर्टिफिशियल देसी फ्रेगरेंस मिलाकर उसे पकाकर नकली घी तैयार किया जा रहा था। तभी पुलिस ने संयुक्त दबिश दी। जिसमें नकली घी बनाने में इस्तेमाल की जा रही सामग्री, सोयाबीन तेल, बर्तन और एक केमिकल भी जब्त किया। इसमें एक केमिकल का उपयोग किया जा रहा था। जो कि देशी घी जैसी महक देता है।

Source: https://www.patrika.com/mandsaur-news/mp-news-gujarati-men-were-selling-fake-ghee-caught-in-police-action-20312380